# नालको NALCO

## नेशनल एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उद्यम)

नालको भवन, नयापल्ली, भुवनेश्वर - 751 013, ओड़िशा, भारत

**(CIN: L27203OR1981GOI000920)**

# गेट-2020 के माध्यम से स्नातक अभियंताओं की भर्ती

**नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको)**, एक नवरत्न कंपनी, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी वाला रु.11368 करोड़ से अधिक के वर्तमान कारोबार के साथ एशिया का वृहत्तम एकीकृत एल्यूमिना-एल्यूमिनियम संकुल है तथा भारत के अन्दर और विश्व भर में आगे और विकास तथा विस्तार के लिए अग्रसर है। यह कंपनी निर्यात के क्षेत्र के प्रीमियर ट्रेडिंग हाउस की पदवी धारी है और अपने शयरधारकों को उल्लेखनीय मूल्य वद्धन देने सहित इसने अपने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए अनेक प्रतिष्ठापूर्ण पुरस्कार जीते हैं। भुवनेश्वर, ओड़िशा में निगम कार्यालय के साथ इसके संयंत्र और कार्यालय बहु-अवस्थिति वाले हैं। यह कंपनी सक्षम मानव संसाधनों और लोक "केन्द्रीत" अभिगम वाले अभ्यासों के माध्यम से संगठनात्मक उत्कृष्टता हासिल करने में विश्वास करती है।

धातु एवं ऊर्जा क्षेत्र में एक विश्व स्तरीय प्रतिष्ठित कंपनी बनने की अपनी संकल्पता को हासिल करने के लिए नालको नीचे दिए गए विवरण के अनुसार यांत्रिक, इलेक्ट्रीकल, यंत्रीकरण, धातुकर्म, रसायन, सिविल एवं खनन विषयों में स्नातक अभियंता प्रशिक्षु (जी.ई.टी.ज) के रूप में इस संगठन में योग करने के लिए प्रतिभाशाली शिक्षागत वृत्ति सहित समर्पित, होनहार और सक्षम युवा स्नातक अभियंताओं की तलाश कर रही है।

## रिक्तियाँ :

- नीचे दिये गये विवरण के अनुसार वर्तमान में 120 संख्यक रिक्तियाँ हैं। जो बढ़ भी सकती हैं। यांत्रिक-45, इलेक्ट्रीकल-29, यंत्रीकरण-15, रसायन-9, धातुकर्म-13, सिविल-5, खानन-4
- रिक्तियों में सरकार के निर्देश के अनुसार आरक्षण होगा। विभिन्न श्रेणी के जीईटीस के वर्तमान 120 पदों का विवरण निम्नवत है-अनारक्षित (अना)-51, अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.व)-31, अनुसूचित जाति (अ.जा.)-15, अनुसूचित जन-जाति (अ.ज.जा.)-11 एवं आ.पि.व-12।
- भारत सरकार के निर्देश के अनुसार, संचित रिक्तियों को लेकर कुल अधिसूचित रिक्तियों में से 14 रिक्तियाँ दिव्यांगों के लिए आरक्षित हैं। प्रत्येक संवर्ग के लिए दिव्यांगता हेतु चिह्नित अनुशासन व श्रेणी का विवरण निम्नवत् है : यांत्रिक/इलेक्ट्रीकल (एचएच, ओएल, डीडब्ल्यू, एवी, ओआई) : सिविल (एचएच, ओएल, डीडब्ल्यू, एवी, ओआई) : धातुकर्म/खनन (डीडब्ल्यू, एवी) : यंत्रीकरण (एचएच, ओएल, डीडब्ल्यू, एवी, ओआई) : रसायन (ओएल, डीडब्ल्यू, एवी, ओआई) प्रत्येक संवर्ग के सापेक्ष उल्लिखित विकार के किसी भी मेल में एकाधिक दिव्यांगता भी विचारणीय होगी।

  **एचएच-श्रवण दोष, ओएल-एक पैर, ओए-एक हाथ, डीडब्ल्यू-बौनापन, एवी-अम्ल पीड़ित, ओआई-ऑर्थोपेडीकली इंपेयर्ड।**

## आवश्यक शिक्षागत योग्यता :

- संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा किसी विशेष सेमेस्टर/वर्ष को दी गई भारिता के निरपेक्ष रूप से सभी सेमिस्टरों/वर्षों के औसत को हिसाब में लेते हुए अनारक्षित (अना) एवं अन्य पिछड़े वर्ग (अ.पि.व) के लिए कुल अंकों में सर्वनिम्न 65% एवं अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग संवर्ग के लिए 55% अंकों के साथ इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री। (पूर्णयोग प्रतिशतता पर पहुँचने के लिए कुल अधिकतम अंक और सभी वर्षों/सेमेस्टरों के लिए प्राप्त कुल अंकों को जोड़ा जाएगा। कोई पूर्णांकन नहीं किया जाएगा और किसी विशेष सेमेस्टर या वर्ष को कोई भारिता नहीं दी जाएगी।)
- इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के आवेदक भी आवेदन कर सकते हैं। तथापि, उनके मामले पर तभी विचार किया जाएगा, यदि वह व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय या इसे पूर्व आवश्यक प्रतिशत के साथ उक्त परीक्षा उत्तीर्ण कर लें।
- सभी शिक्षागत योग्यताएँ सरकारी विश्वविद्यालयों/संस्थानों, यू.जी.सी. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों/यू.जी.सी. मान्यताप्राप्त भारतीय मानित विश्वविद्यालयों या स्वायत्त संस्थानों/संबंधित सांविधिक परिषद से ए.आई.सी.सी.ई. अनुमोदित पाठ्यक्रम में होनी चाहिए। (यथा लागू)
- जहाँ सीजीपीए/ओजीपीए या पत्र श्रेणी की डिग्री प्रदान की गई हो, विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाएं गए मानक के अनुसार ऑनलाइन आवेदन में तत्समान अंकों का प्रतिशत सूचित किया जाना चाहिए। व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय आवेदक को विश्वविद्यालय/संस्थान से इससे संबंधित एक प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
- नीचे दिए गए विषय के लिए पूर्णकालिक निर्धारित डिग्रीधारी आवेदक ही संबंधित विषय में स्नातक अभियंता प्रशिक्षु (जी.ई.टी.ज) के पद के लिए आवेदन कर सकता है।

| शिक्षा-विषय | इंजीनियरिंग में निर्धारित पूर्णकालिक डिग्री |
|---|---|
| यांत्रिक | यांत्रिक / उत्पादन अभियांत्रिकी |
| इलेक्ट्रीकल | इलेक्ट्रीकल / पावर अभियांत्रिकी |
| यंत्रीकरण | इलेक्ट्रोनिक्स/ इंस्ट्रूमेंटेशन/टेलीकॉम/इलेक्ट्रीकल अभियांत्रिकी |
| धातुकर्म | धातुकर्म अभियांत्रिकी |
| सिविल | सिविल /आर्किटेक्चर/सेरामिक्स अभियांत्रिकी |
| खनन | खनन अभियांत्रिकी / धातु विषयक खनन प्रबंधक के दक्षता प्रमाणपत्र युक्त प्रथम स्थान के साथ खनन में समकक्ष डिप्लोमा |
| रसायन | रसायन अभियांत्रिकी/ प्रायोगिक रसायन में एम.टेक |

## आयु सीमा :

- **20/03/2020** को यथा ऊपरी आयु सीमा 30 वर्षों की है अर्थात **20/03/1990** के पूर्व जन्मे आवेदकों को आवेदन करने की जरुरत नहीं है।

## चयन प्रक्रिया :

- उक्त संवर्गों में स्नातक अभियंता प्रशिक्षु (जीईटी) की भर्ती के लिए नालको द्वारा ग्रेजुएट एप्टिट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग-2020 (गेट - 2020 स्कोर्स) के प्राप्तांक का प्रयोग किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया के लिए केवल गेट - 2020 के प्राप्तांक ही मान्य होंगे। संस्थान की आवश्यकताओं व गेट - 2020 के प्राप्तांकों के आधार पर प्रत्याशियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए सूची में शामिल किया जाएगा।
- नालको में उपरोक्त विषयवर्ग में जी.ई.टी - के पद के लिए आवेदन करने के लिए वे आवेदक योग्य होंगे जो नीचे दिये गए विवरण के अनुसार निम्नलिखित किसी एक संबंधित गेट - 2020 परीक्षा में शामिल हुए हों :

| नालको द्वारा विज्ञापित इंजिनियरिंग विषय | तत्संबंधी गेट - 2020 पत्र | तत्संबंधी गेट - 2020 पत्र कोड |
|---|---|---|
| यांत्रिक | यांत्रिक अभियांत्रिकी | एमई |
| इलेक्ट्रीकल | लेक्ट्रीकल अभियांत्रिकी | ईई |
| यंत्रीकरण | यंत्रीकरण अभियांत्रिकी | आईएन |
| धातुकर्म | धातुकर्म अभियांत्रिकी | एमटी |
| सिविल | सिविल अभियांत्रिकी | सीई |
| रसायन | रसायन अभियांत्रिकी | सीएच |
| खनन | खनन अभियांत्रिकी | एमएन |

- **आवेदक जिनके पास** ऊपर विनिर्दिष्ट किये गए शाखा/विषय के अतिरिक्त कोई अन्य अभियांत्रिकी डिग्री है, आवेदन करने के योग्य नहीं होंगे।
- गेट - 2020 के वैद्य प्राप्तांक और संगठन की जरूरत के आधार पर, उपरोक्त विषयों में स्नातक अभियंता प्रशिक्षु (जी.ई.टी) के पदों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए प्रत्याशियों को गुणता के आधार पर छाँट कर संक्षिप्त सूची बनाई जाएगी। प्राप्तांक केवल तभी वैद्य होगी यदि आवेदक गेट - 2020 द्वारा उपरोक्त पत्रों के लिए निर्धारित अर्हक अंक के बराबर या उससे अधिक प्राप्तांक हासिल करे। गेट परीक्षा के अर्हक अंक गेट - 2020 परीक्षा के संचालक प्राधिकारियों द्वारा अपनाए गए मानकों के अनुसार होंगे।

## क्षतिपूर्ति पैकेज :

- चुने गए आवेदक को एक वर्षीय प्रशिक्षण के दौरान रु.40000- 3% -140000/- के वेतनमान में तैनात किया जाएगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर अर्थात् बशर्ते कि कंपनी में लागू और समय-समय पर संशोधित, आवश्यक कार्य निष्पादन संबंधी/ अन्य मानदण्ड पूरे किए गए हों, उन्हें ई1 ग्रेड में वेतनमान रु.60000-3%-180000/- में कनिष्ठ प्रबंधक के रूप में समाविष्ट किया जाएगा।
- प्रशिक्षण के दौरान/ समावेशन के बाद समय-समय पर कंपनी में लागू नियमों के अनुसार कर्मचारी मूल वेतन के साथ महंगाई भत्ता, कैफेटेरिया शीर्ष के तहत अनुलाभ, मकान किराया भत्ता, स्वयं तथा आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा तथा सेवानिवृत्ति लाभ अर्थात् अंशदायी भविष्य निधि, अनुदान (ग्रेच्युटी) आदि पाने के हकदार होंगे।
- प्रशिक्षण के दौरान अनुमानित सी.टी.सी* रु.10.52 लाख प्रति वर्ष और ई1 में संपुष्टि के बाद सी.टी.सीङ लगभग 15.73 लाख प्रति वर्ष होगी।

* ऊपर वर्णित सी.टी.सी* तैनाती स्थान तथा नियुक्ति की अन्य शर्तों और स्थितियों के अनुसार भिन्न भिन्न हो सकते हैं।

## तैनाती :

- कंपनी की प्रशिक्षण नीति के अनुसार, चुने गए आवेदक को कंपनी के विभिन्न अवस्थितियों में एक वर्ष के लिए कार्य पर प्रशिक्षण लेना होगा प्रशिक्षण अवधि के दौरान और/या समावेशन के बाद, आवेदक को भारत या विदेश में नालको के किसी भी एकक/कार्यालय आदि या नालको के किसी सहायक उद्योग/संयुक्त उद्यम/व्यावसायिक सहयोगी में तैनात किया जा सकता है और इसके बाद उसकी सेवा कंपनी की जरूरत के अनुसार स्थानान्तरण योग्य होगी। चुने गए आवेदक को कंपनी के कारोबार की जरूरत के अनुसार पारी प्रचालन सहित काम/ कार्य /जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

## आरक्षण और रियायतें :

- सरकारी निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति/अन्य पिछड़े वर्ग(नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग/दिव्यांग (40% या अधिक विकलांगता स्तर) के प्रत्याशियों के लिए आरक्षण/रियायत लागू होगी। कुल पदों की संख्या में वृद्धि या कमी होने के मामले में, सरकारी निर्देशों के अनुसरण में आरक्षित संवर्गों के पदों की संख्या में परिवर्तन होगा।
- दिव्यांग आवेदक को, इस उद्देश्य के लिए अधिकार संपन्न मेडिकल पैनल, जिसमें सरकारी अस्पताल या विकलांगों के लिए विशेष रोजगार कार्यालय से जुड़े मेडिकल बोर्ड के 3 मेडिकल प्रैक्टिशनरों को शामिल किया गया हो, द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित व मोहर लगा हुआ वैध विकलांगता प्रमाणपत्र पेश करना होगा।
- कार्य की प्रकृति व नियुक्ति की जवाबदेही, अवस्थान इत्यादि को स्वीकार करते हुए दिव्यांग आवेदक की नियुक्ति की जाएगी। और साथ ही, यह भी विचारणीय होगा कि, दिव्यांगता का उनके प्रदर्शन या स्वास्थ्य पर कोई भी प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। तथापि, चिह्नित पदों के संदर्भ में आवेदक के चिकित्सकीय उपयुक्तता के आधार पर ही अंतिम नियुक्ति और पदस्थापना की जाएगी।
- ऑनलाइन प्रपत्र में एक बार भर दिये गए अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व/आ.पि.व/दिव्यांग संवर्ग को बदला नहीं जा सकेगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर, आरक्षित संवर्ग के प्रत्याशियों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आवश्यक प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
- यदि अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व./आ.पि.व/दिव्यांग प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी के अलावा अन्य किसी भाषा में जारी रहने पर, आवेदक को इसकी अंग्रेजी या हिंदी में अनुदित स्व-सत्यापित प्रति जमा करनी होगी।
- अन्य पिछड़ी जाति वर्ग के आवेदक जो "क्रीमी लेयर" के हैं, अन्य पिछड़ी जाति के लिए लागू रियायत पाने के हकदार नहीं होंगे और ऐसे प्रत्याशियों को अपना संवर्ग अनारक्षित (यूआर) के रूप में प्रदर्शित करना होगा। अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) के प्रत्याशियों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा वर्तमान वर्ष के दौरान जारी आवश्यक प्रमाणपत्र जमा करना होगा। अन्य पिछड़ी जाति (नॉनक्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र में सूचित जाति और समुदाय का नाम अन्य पिछड़े वर्गों की केन्द्रीय सूची में अवश्य प्रदर्शित होना चाहिए। और फिर, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर, अन्य पिछड़ी जाति के प्रत्याशियों को, यह सूचित करते हुए कि वे अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) के हैं, एक स्व-वचन पत्र प्रदान करना होगा।
- ऊपरी आयु सीमा में अ.जा./अ.ज.जा के लिए 5 वर्ष, अ.पि.व.(नॉन क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष, दिव्यांग-अनारक्षित वर्ग के लिए 10 वर्ष, और दिव्यांग- अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) के लिए 13 वर्ष तथा दिव्यांग-अ.जा/अ.ज.जा के प्रत्याशियों के लिए 15 वर्षों की रियायत दी जाती है।
- जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख केन्द्रशासित प्रदेश के 01.01.1980 से 31.12.1989 तक मूलत: निवास करने वाले प्रत्याशियों के लिए आयु में पाँच वर्षों की रियायत दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों और 1984 के दंगों में मारे गए लोगों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रियायत मिलेगी।
- विभागीय प्रत्याशियों का भी गेट - 2020 के संबंधित पेपर में वैद्य प्राप्तांक होना आवश्यक होगा। इन प्रत्याशियों के लिए अपेक्षित योग्यता में कोई न्यूनतम अंक प्रतिशत और ऊपरी आयु सीमा नहीं है। तथापि, नालको में नियोजित प्रशिक्षुओं को विभागीय आवेदक के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। विभागीय आवेदक अन्य संबंधित जानकारी के लिए आंतरिक परिपत्र का संदर्भ देखें।

## सेवा राजीनामा बंधपत्र :

- चुने गए आवेदक को नियोजन होते समय प्रशिक्षुता अधिनियम के अनुसरण में प्रशिक्षुता अनुबंध-पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे और रु.1500 के गैर न्यायिक स्टॉम्प पेपर पर रु.3,00,000/- या रु.4,00,000 (विदेश में दिये जाने वाले प्रशिक्षण के लिए) का एक सेवा राजीनामा बंधपत्र निष्पादित करना होगा कि एक वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद न्यूनतम 4 (चार) वर्ष की अवधि के लिए कंपनी की सेवा करेंगे।

**Continue...**

Size : 25(w) x 38(h) = 950 sq.cm

## चिकित्सकीय स्वास्थ्य :

- नालको में नियोजित होने के इच्छुक आवेदक को नालको के चिकित्सकीय स्वास्थ्य के मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ रहना होगा। चयनित प्रत्याशियों को भुवनेश्वर में कंपनी द्वारा चिह्नित अस्पताल/निदान केंद्र में अपनी चिकित्सकीय जाँच करवानी होगी। मेडिकल रिपोर्ट मिलने पर, नालको मेडिकल परीक्षा नियमों के अंतर्गत निर्धारित मेडिकल मानकों के आधार पर प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी यह घोषित करेंगे कि, आवेदक फिट है या फिट नहीं है या अस्थायी रूप से फिट नहीं है।

## आवेदन शुल्क :

- सामान्य, अ.पि.व व आ.पि.व के प्रत्याशियों को रु.500/- (पाँच सौ रुपए मात्र) का आवेदन शुल्क और विभागीय समेत अन्य प्रत्याशियों को प्रक्रमण शुल्क के रुप में रु.100/- (सौ रुपए मात्र) का भुगतान करना होगा।
- आवेदक इंटरनेट बैंकिंग खाते/क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। आवेदन शुल्क/प्रक्रमण शुल्क किसी भी स्थिति में अप्रतिदेय होगा। अत: प्रत्याशियों से अपेक्षित है कि, आवेदन/प्रक्रमण शुल्क का भुगतान करने से पूर्व अपने पात्रता की जाँच कर लें व भुगतान संबंधी विवरण सावधानीपूर्वक भरें।

## भुगतान कैसे करें :

- **चरण-1 :**
  - www.nalcoindia.com पर नालको के पेशा पृष्ठ पर जाएँ।
  - योग्यता के बारे में सुनिश्चित करने होने के लिए विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ें।
  - ''आवेदन करें'' लिंक पर क्लिक करें।
  - "भुगतान करें" पर क्लिक करें, जो आपको एसबीआई के स्टेट बैंक कलेक्ट पृष्ठ पर ले जाएगी, जिसे नालको की ओर से आवेदन शुल्क/प्रक्रमण शुल्क संग्रह करने के लिए अधिकृत किया गया है।
  - निगम/संस्थान के राज्य के अंतर्गत "ओड़िशा " का व निगम/संस्थान की श्रेणी के अंतर्गत "पीएसयू-पब्लिक सेक्टर" का चयन करें।
  - भुगतान श्रेणी का चयन करें और "नालको स्नातक जीईटी भर्ती-2020 (अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु)" अथवा "नालको स्नातक जीईटी भर्ती-2020 (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग/विभागीय)", जो आपपर लागू हो, को चुनें।
  - भुगतान पोर्टल पर आपेक्षानुसार गेट रजिस्ट्रेशन संख्या, नाम, अनुशासन, वर्ग, जन्म तिथि, पंजीकृत ई-मेल आईडी तथा मोबाईल नंबर भरें और जमा (सबमिट) करें। सुनिश्चित करें कि समस्त पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान वही ई-मेल आईडी और मोबाईल नंबर उपयोग हुए हों।
  - अगली स्क्रीन - सुनिश्चिति पृष्ठ पर आवेदक द्वारा भरे गए सारे विवरण प्रदर्शित होंगे। भुगतान करने से पूर्व सत्यता सुनिश्चित कर लें। अब भुगतान के लिए पेमेंट गेटवे को सक्रिय करने के लिए ''कनफर्म'' बटन पर क्लिक करें। आवेदक द्वारा गलत विवरण यथा - भिन्न गेट रजिस्ट्रेशन संख्या आदि के साथ शुल्क के भुगतान किए जाने के मामले में, नालको या एसबीआई जिम्मेदार नहीं होगा।
  - उपलब्ध किसी भी विकल्प यथा-नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके भुगतान किया जा सकता है। **कृपया नोट करें कि बैंक प्रभार, यदि कोई हो, नालको वहन करेगी।**
  - सफल भुगतान होने पर पीडीएफ प्रारूप में एक ई-रसीद सृजित होगी। आवेदक को एसबी कलेक्ट रिफरेंस नंबर के साथ ई-रसीद को प्रिंट करने के लिए प्रोत्साहन निदेश मिलेगा। रिफरेंस नंबर को नोट कर लें क्योंकि अंतिम पंजीकरण प्रक्रिया के चरण-3 के दौरान इसकी जरूरत पड़ेगी। स्टेट बैंक कलेक्ट में उपलब्ध "पेमेंट हिस्ट्री" विकल्प से बाद में भी ई-रसीद सृजित/मुद्रित किया जा सकता है।
  - यदि, वैध भुगतान विवरण के साथ एक आवेदक अंतिम तौर पर आवेदन प्रपत्र जमा नहीं करता है, तो आवेदन अपूर्ण समझा जाएगा तथा रद्द कर दिया जाएगा। इस हेतु नालको जिम्मेवार नहीं होगा।
- **चरण-2 :**
  - एक बार भुगतान हो जाने पर, आवेदकों को नालको के वेबसाइट के पेशा पृष्ठ पर ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में विवरण भरने के लिए मुख्य आवेदन प्रपत्र में स्टेट बैंक कलेक्ट संदर्भ संख्या और भुगतान की तारीख दर्ज करने की जरूरत होगी।
  - गलत प्रविष्टि होने पर भुगतान विवरण के संपादन अथवा बुलावा पत्र जारी किये जाने के संबंध में किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा व उसकी पात्रता रद्द हो जाएगी।

## आवेदन कैसे करें :

- उम्मीदवार आवश्यक विवरणों के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही ढंग से भरें तथा **व्यू एप्लीकेशन फॉर्म** पर क्लिक करें। आवेदकों को अंतिम रूप से जमा करने से पहले अपने आवेदन पत्र को संपादित करने का अवसर उपलब्ध होगा। आवेदकों को एक बार फिर से आवेदन पत्र की जांच करनी चाहिए कि क्या सभी जानकारियाँ सही है और यदि आवश्यक हो तो तदनुसार परिवर्तन करें और फिर अंतिम जमा (**फाइनल सबमिशन**) पर क्लिक करें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, उम्मीदवार को भविष्य में संदर्भ के लिए उक्त आवेदन का प्रिंट आउट रखना चाहिए।
- आवेदकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि गेट-2020 पंजीकरण संख्या, जो गेट-2020 प्रवेश पत्र में उल्लिखित है, सही तरीके से भरी गई है। गेट-2020 के प्रवेश पत्र में उल्लेखित नाम ही भरा जाना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद, उम्मीदवार द्वारा दर्ज किए गए किसी भी डेटा में परिवर्तन के संबंध में कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। सफलतापूर्वक आवेदन जमा करने पर, एक अद्वितीय आवेदन संख्या प्रदर्शित होगा और पंजीकृत ईमेल आईडी के साथ-साथ मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा और भविष्य में पत्राचार हेतु इसका उल्लेख करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदकों को रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ, गेट-2020 का प्रवेश पत्र, हस्ताक्षर, जो गेट-2020 के आवेदन के साथ दिए गए हों तथा निर्धारित योग्यता के अनुसार अंकपत्र/ प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। आवेदकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि नालको के ऑनलाइन आवेदन में संबंधित विवरण यथा - नाम, जन्मतिथि आदि गेट-2020 के आवेदन के समान हों। यदि आवेदक को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें गेट-2020 का मूल प्रवेश-पत्र, अंक पत्र (स्कोर कार्ड) तथा अन्य संबंधित दस्तावेज़ सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा, जिसकी सूचना व्यक्तिगत साक्षात्कार बुलावा पत्र द्वारा दी जाएगी।
- एक आवेदक केवल एक पद/ संवर्ग हेतु ही आवेदन कर सकता है। जो आवेदक एक से अधिक पद/ संवर्ग हेतु आवेदन करते हैं, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

## सामान्य निर्देश :

- केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने हेतु पात्र हैं।
- आवेदकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे इस विज्ञापन तथा नालको वेबसाइट www.nalcoindia.com के पेशा विकल्प में वर्णित योग्यता तथा अन्य शर्तों को पूरा करते हैं।
- आवेदकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे विज्ञापन में वर्णित योग्यता तथा अन्य शर्तों को पूरा करते हैं तथा ऑनलाइन आवेदन में उनके द्वारा भरे गए सभी विवरण सही हैं। मात्र ऑनलाइन आवेदन जमा कर देने का अर्थ यह कदापि नहीं है कि कम्पनी (नालको) आवेदक के योग्यता के बारे में संतुष्ट है। भर्ती/ चयन/ नियुक्ति के बाद भी किसी चरण में यह पाया जाता है कि आवेदक किसी योग्यता मानकों को पूरा नहीं करता और/ या उसने कोई गलत/ झूठी सूचना पेश की है या किसी तथ्य(यों) को दबाया है, तो उसकी उम्मीदवारी/ नियुक्ति स्वत: रूप से रद्द हो जाएगी, चूँकि उम्मीदवारी/ नियुक्ति आरंभ से ही निरस्त मानी जाएगी। आवेदन प्रपत्र में दर्ज ई-मेल आईडी एक वर्ष के लिए अवश्य वैध रखनी होगी। आवेदक के साथ सभी भावी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से ही किए जाएंगे। अवैध/ गलत ई-मेल आईडी या अन्य किसी कारण से किसी हानि/ भेजे गए ई-मेल/अन्य कोई पत्राचार वितरित नहीं होने के लिए नालको जिम्मेदार नहीं होगी।
- भौतिक/ कागजी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
- नालको न्यूनतम योग्यता मानकों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्रबंधन के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त किसी पद को भरने या ना भरने का अधिकार है। नालको के पास आवश्यकतानुसार बिना कोई सूचना दिए या बिना कोई कारण दर्शाए, नालको भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/ परिवर्तित/संशोधित करने का अधिकार भी होगा।
- किसी भी रूप में आवेदक द्वारा अनुयाचन उसकी पात्रता को अयोग्य कर देगा।
- प्रत्याशियों को सूचित किया जाता है कि, किसी भी अद्यतन सूचना के लिए नालको वेबसाइट www.nalcoindia.com के अंतर्गत पेशा विकल्प की हमेशा जाँच करते रहें, इस संबंध में अलग से कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।
- उक्त भर्ती संबंधी किसी भी विवाद का निपटान केवल भुवनेश्वर न्यायिक क्षेत्र में होगा।

## महत्वपूर्ण तिथियां :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 20/03/2020 (11:30 AM) |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 09/04/2020 (05:30 PM) |

**विज्ञापन सं.10200207** **NALCO Recruitment-2020**

Size : 25(w) x 26 (h) = 650 sq.cm